Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 अगस्त, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-august-2020

राजीव कुमार

पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। निवर्तमान निर्वाचन आयुक्त अशोक लवासा एशियाई विकास बैंक में उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। श्री कुमार को कई क्षेत्रों में सार्वजनिक नीति और प्रशासन में 30 वर्ष का अनुभव है। उन्हें जुलाई 2019 में वित्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाएँ जैसे मुद्रा ऋण योजना और प्रधानमंत्री जन धन योजना पर विशेष रूप से कार्य किया था। भारतीय संविधान के **अनुच्छेद- 324** में **निर्वाचन आयोग** के कार्यों और सुरक्षा के प्रावधानों का उल्लेख है। एक चुनाव आयुक्त को कार्यकाल की सुरक्षा प्रदान की गई है। उसे केवल उसी आधार पर पद से हटाया जा सकता है, जिस प्रकार कि सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को पद से हटाया जाता है। अर्थात संसद के दोनों सदनों को अक्षमता के आधार पर प्रस्ताव पारित करना होगा। निर्वाचन आयोग संसद के परिसीमन आयोग अधिनियम के आधार पर पूरे देश में निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करता है।

विदेशी मुद्रा भंडार में कमी

अगस्त, 2020 के दूसरे सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.939 बिलियन डॉलर की कमी के साथ 535.252 अरब डॉलर तक पहुँच गया है। विश्व में सर्वाधिक विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों की सूची में भारत चौथे स्थान पर है, इस सूची में चीन पहले स्थान पर है। इसे फ़ॉरेक्स रिज़र्व या आरक्षित निधियों का भंडार भी कहा जाता है भुगतान संतुलन में विदेशी मुद्रा भंडारों को आरक्षित परिसंपत्तियाँ कहा जाता है तथा ये पूंजी खाते में होते हैं। ये किसी देश की अंतर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति का एक महत्त्वपूर्ण भाग हैं। इसमें केवल विदेशी रुपये, विदेशी बैंकों की जमाओं, विदेशी ट्रेज़री बिल और अल्पकालिक अथवा दीर्घकालिक सरकारी परिसंपत्तियों को शामिल किया जाना चाहिये परंतु इसमें विशेष आहरण अधिकारों, सोने के भंडारों और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की भंडार अवस्थितियों को शामिल किया जाता है।

हरित पथ मोबाइल एप्लिकेशन

21 अगस्त, 2020 को **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण** ने **'हरित पथ'** नामक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया। एप्लीकेशन ने विशेषज्ञों के लिये उपयोगकर्ता आईडी बनाना शुरू कर दिया है। अब तक 7,800 पौधों को इस एप्लीकेशन के माध्यम से जियो-टैग किया गया है। विकसित किया गया एप्लीकेशन विकास, स्थान, प्रजातियों के विवरण की निगरानी करेगा और व्यक्तिगत वृक्षारोपण परियोजनाओं द्वारा किए गए लक्ष्यों, उपलब्धियों को बनाए रखेगा। इस एप्लीकेशन को बिग डेटा एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म- 'डेटा लेक' पर लॉन्च किया

गया है। डेटा लेक कच्चे प्रारूप में संग्रहीत डेटा का भंडार है। इसमें संरचित डेटा और परिवर्तित डेटा शामिल हैं। इसमें मुख्य रूप से रिपोर्टिंग और मशीन लर्निंग भी शामिल है। मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च करने के अलावा, **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 'हरित भारत संकल्प'** नामक देशव्यापी वृक्षारोपण अभियान शुरू किया है। यह पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया है।

रमेश चंद कार्यदल

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद की अगुवाई वाले कार्यदल ने गन्ने की कीमतों को चीनी दरों से जोड़ने की सिफारिश की है। कार्यदल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि है उद्योग को एक अच्छे वित्तीय स्वास्थ्य में रखना आवश्यक है। कार्यदल ने अपनी रिपोर्ट में न्यूनतम चीनी की कीमत में 33 रुपये प्रति किलोग्राम की एकमुश्त बढ़ोतरी की सिफारिश की है। कार्यदल की इस रिपोर्ट को मार्च 2020 में अंतिम रूप दिया गया और इसे 20 अगस्त, 2020 को प्रकाशित किया गया। कार्यदल ने सुझाव दिया है कि किसानों को कम पानी वाली सघन फसलों के लिये प्रोत्साहन राशि लगभग 6,000 रुपये प्रति हेक्टेयर होना चाहिये। किसानों को उनके गन्ना उत्पादन के उचित मूल्य प्राप्त करने में मदद करने के लिये रेवेन्यू शेयरिंग फॉर्मूला (RSF) शुरू किया जाना चाहये। **नेशनल इंस्टीटचूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया** या नीति आयोग भारत सरकार का थिंक टैंक है, जिसका गठन 1 जनवरी, 2015 को किया गया था। इस आयोग के अध्यक्ष प्रधानमंत्री हैं और वर्तमान में इसके उपाध्यक्ष राजीव कुमार हैं।